# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025




## खबर संक्षेप

### कौशल रथ कौशल विकास यात्रा को किया रवाना

**कटघोरा।** कौशल और उच्च शिक्षा संस्था आईसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल रथ कौशल विकास यात्रा का आयोजन आईसीटी कम्प्यूटर कॉलेज कटघोरा में किया गया। यात्रा 6 अक्टूबर से शुरू होकर 20 राज्यों के 3सौ जिलों में फैले 5 सौ स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुँचकर लाखों विद्यार्थियों, युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराना है. साथ में पुस्तक यात्रा व सुप्रसिद्ध साहित्यकारों का सम्मान करना ताकि बच्चें ज्यादा से ज्यादा पुस्तक की ओर आकर्षित हो एवं साहित्यकारों का सम्मान करके उनको प्रेरित करे। जैसे ही यह यात्रा आईसीटी कम्प्यूटर कॉलेज पहुँची जहां के डायरेक्टर रविश कुमार सिंह एवं प्रिंसिपल आशा यादव अपने शिक्षक किशन यादव, घनानंद साहू शिवानी यादव एवं लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों के साथ स्वागत किया। इस कौशल विकास में यात्रा आईसेक्ट रीजनल ऑफिस के ब्रांच मैनेजर अरूण साहू, रोजगार प्लेसमेंट डिपार्टमेंट से आकाश लोखंडे एवं मोबिलाइजर करन यादव उपस्थित रहे। आईसेक्ट द्वारा कौशल विकाश यात्रा को सफल बनानें एवं नई तकनीकों की शिक्षा प्राप्त करने हेतु बड़ी संख्या में आईसीटी कम्प्यूटर कॉलेज कटघोरा में स्टूडेंट्स उपस्थि रहें।

## विकास कार्यों का लिया जायजा

# रेलवे महाप्रबंधक ने उरगा-कोरबा-गेवरा रोड सेक्शन का किया निरीक्षण



रेलवे ट्रेक का निरीक्षण करते महाप्रबंधक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के उरगा-कोरबा-गेवरारोड रेलखण्ड का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों एवं मध्यवर्ती खण्डों का गहन अवलोकन करते हुए यात्री सुरक्षा तथा रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, प्रधान मुख्य इंजीनियर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आरएसपी, प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता सहित मंडल के शाखाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने गेवरारोड सेक्शन के मध्य बालपुर स्टेशन का निरीक्षण, मड़वारानी रेलवे स्टेशन में यार्ड, क्रासिंग का संरक्षा निरीक्षण के साथ दोनों तरफ के लॉन्ग लूप्स आदि का बारीकी से अवलोकन किए तथा उरगा एवं गेवरारोड रेलवे स्टेशन के अवसंरचना कार्यों का स्थल निरीक्षण करते हुये कोरबा स्टेशन पहुंचे। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे यात्री सुविधाओं से जुड़े निर्माण एवं उन्नयन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन परिसर, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, सेकेंड एंट्री तथा निर्माणाधीन ढाँचागत कार्यों के प्रगति की समीक्षा के साथ पिट लाइन का निरीक्षण किये तथा इसके सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मीडिया के प्रतिनिधियों से यात्री सुविधा विकास, सुरक्षा, संरक्षा, निर्माण परियोजनाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

### रेल संघर्ष समिति ने जीएम को सौंपा ज्ञापन



रेल संघर्ष समिति कोरबा द्वारा जीएम का स्वागत किया। समिति के सदस्यों अंकित सावलानी, मनोज अग्रवाल, प्रेम मदन व चैम्बर के तरफ़ से महामंत्री नरेंद्र अग्रवाल द्वारा कोरबा के रेल विकास में बाधा को क्रम अनुसार महाप्रबंधक को बताया साथ के एसईसीआर जोन को माल ट्रेन में प्रथम आने पर बधाई भी दी। साथ ही महाप्रबंधक से कोरबा को दिवाली उपहार की भेट में कोरबा यात्री सुविधा में कम से कम एक नई दैनिक ट्रेन जोड़ने पर दबाव बनाया जिसपर महाप्रबंधक ने कहा इसपर विचार करते हैं। आशा है कोरबा की जानता को जल्द ही कुछ सुविधा पाप्त होगी। इसके साथ ही छग चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि मंडल भी महाप्रबंधक से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया गया।

### सुनालिया ज्वेलर्स में धनतेरस एवं दीपावली पर ऑफर की बौछार, ग्राहक उठा रहे लाभ



बिजनेस प्लस

**कोरबा।** 1960 से विश्वसनीयता और गुणवत्ता का प्रतीक सुनालिया ज्वेलर्स अपने ग्राहकों कों दे रहा है सोना, चांदी और डायमंड ज्वेलरी पर शानदार छूट और विशेष लाभ। इस दीपावली सुनालिया ज्वेलर्स एक बार फिर लेकर आया है अपने ग्राहकों के लिए बेहतरीन ऑफर और नवीनतम डिजाइनर कलेक्शन। सुनालिया ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में बीआईएस प्रमाणित स्वर्ण आभूषण तथा आईजीआई और आईडीआई प्रमाणित हीरों के शानदार डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही हम उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीयता की गारंटी देते हैं। सुनालिया ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए कई ऑफर उपलब्ध कराया है। जिसमें सोने के आभूषण की बनवाई मात्र 10 प्रतिशत से शुरू है और हीरे की ज्वेलरी पर 40 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। ग्राहक अपने पुराने सोने के आभूषणों पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू प्राप्त कर रहे हैं। सोनालिया ज्वेलर्स मेंचांदी के सिक्कों पर 999 प्रतिशत हॉलमार्क शुद्धता के साथ उपलब्ध है। हमारे प्रतिष्ठान में सभी राशि रत्नों पर 20 प्रतिशत तक की छूट ग्राहकों को दी जा रही है। इस त्यौहरी सीजन में ग्राहक जितना वजन का सोना खरीदें, उतने वजन की चांदी फ्री ग्राहकों को दी जा रही है। सुनालिया ज्वेलर्स में सभी स्वर्ण आभूषण 100 प्रतिशत बीआईएस प्रमाणित हैं, जिससे ग्राहकों को असली सोने की गारंटी मिलती है। साथ ही चांदी के बर्तन और सिक्के भी हॉलमार्क शुद्धता के साथ उपलब्ध हैं। उत्कृष्ट कारीगरी, आधुनिक डिजाइन और भरोसेमंद मूल्य के साथ सुनालिया ज्वेलर्स हर पीढ़ी की पहली पसंद बन चुका है। चाहे शादी का मौका हो या कोई खास उत्सव, सुनालिया ज्वेलर्स में हर अवसर के लिए आभूषणों की शानदार रेंज मौजूद है। रत्ती-रत्ती में पाएं विश्वास यही है सुनालिया ज्वेलर्स की पहचान।

# विद्युत कर्मियों को दिवाली पूर्व मिलेगा बोनस और 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ के द्वारा बताया गया कि विद्युत कंपनी में कार्यरत नियमित, संविदा एवं बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दिवाली पूर्व बोनस/अनुग्रह राशि दिए जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो कि महासंघ के द्वारा विगत दिनों कंपनी प्रबंधन को पत्राचार कर दीपावली के पूर्व बोनस/आग्रह राशि एवं जुलाई से बढ़ी हुई 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग किया गया था। उसी प्रकार सभी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिवों द्वारा भी ठेका कर्मचारियों को दिवाली पूर्व बोनस भुगतान करने कार्यपालक निदेशक को पत्राचार किया गया था। महासंघ के 9 अक्टूबर के विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन के कारण कंपनी प्रबंधन के द्वारा 9 अक्टूबर को ही विद्युत कंपनी में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों के लिए दिवाली पूर्व 12 हजार रुपए बोनस भुगतान का आदेश जारी किया गया। और बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों के लिए उनके नियोक्ता ठेकेदार को बोनस देने निर्देशित किया गया। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा जारी महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि को नियमित विद्युत अधिकारी/कर्मचारी और पेंशनर्स को भुगतान करने आदेश जारी किया गया, जो कि अब महंगाई भत्ता बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। यह भी विदित है कि महासंघ के द्वारा अपनी मांगों को लेकर 9 अक्टूबर को पावर कंपनी मुख्यालय की समक्ष विशाल आमसभा में प्रदर्शन किया था तथा 10 अक्टूबर से लगातार मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन क्रमांक क्रमिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। महासंघ ने कंपनी प्रबंधन से मांग की किया है कि महासंघ के मांग पत्र में पुरानी पेंशन, संविदा नियमितीकरण, तकनीकी भत्ता एवं कनिष्ठ यात्रियों के प्रमोशन कोटा पूर्ववत 70 प्रतिशत करने सहित अन्य ज्वलंत मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

# दीपावली से पहले कटघोरा में अव्यवस्था, लोगों की सफाई में बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दीपावली पर्व नजदीक आते ही नगर के लोग अपने घरों और आसपास की सफाई, रंगाई-पुताई एवं सजावट में जुटे हुए हैं। परंतु नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 कसनिया में जनता की यह तैयारी पीएचई विभाग की मनमानी के कारण बाधित हो रही है। विभाग द्वारा इन दिनों पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसके चलते सड़कों पर बड़े पैमाने पर खुदाई की जा रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहार से ठीक पहले इस प्रकार की खुदाई से न केवल आवाजाही में परेशानी हो रही है, बल्कि घरों के सामने की गई सफाई और सजावट भी बेकार जा रही है। कई जगहों पर खुदाई के बाद मिट्टी और मलबा जमा हो गया है, जिससे धूल और गंदगी फैल रही है। निवासियों ने इस अव्यवस्था की शिकायत संबंधित विभाग से भी की, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि विभाग चाहे तो यह कार्य त्योहारी सीजन के बाद भी किया जा सकता था, ताकि नागरिकों को असुविधा न हो। इस मामले को लेकर क्षेत्र में पीएचई विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि विभाग तत्काल खुदाई कार्य को रोके और पहले से खुदी सड़कों की मरम्मत कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करे, ताकि दीपावली के दौरान लोग स्वच्छ वातावरण में पर्व मना सकें। जनता की यह नाराजगी अब नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है, और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन इस पर शीघ्र ध्यान देगा ताकि दीपावली की खुशियों में बाधा न आए।



सड़क खोदता जेसीबी।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा जिला कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**करा.प्र.क्र... /ब-121/2025-26**
**ग्राम पताढ़ी प.ह.नं. 29**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका- कल्याण सिंह पिता स्व. सुकवार सिंह जाति कंवर निवासी पताढ़ी तहसील कोरबा जिला कोरबा द्वारा अपने माता भुनेश्वरी का दिनांक 06/12/2000 को मृत्यु होने का उल्लेख करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बावत आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 31/10/25 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जाएं आज दिनांक 15/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा (छ.ग.)**



तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 धनतेरस के लिए बाजार सजकर तैयार, 3 जोन में बांटा गया शहर को, लगातार होगी पेट्रोलिंग



## खबर संक्षेप

### नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कल तक

**कोरबा।** राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवनेदन करने की तिथि तीन दिन बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी अब 17 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भर सकेंगे। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष ने इस बारे में सूचना भी जारी कर दी है। इस वर्ष 2025 में काउंसलिंग के जरिए बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग, और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर थी जिसे बढ़ाकर 17 अक्टूबर कर दिया गया है। काउंसलिंग, आवंटन और प्रवेश संबंधी सभी जानकारियां चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाईट पर भी उपलब्ध कराई गई है।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर सायं 5 बजे तक किये जा सकते हैं। अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जायेगी। प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाइट पर किये जा सकते हैं।

### विद्युत कर्मियों को पैथोलाजी लैब की मिली सुविधा

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के विभागीय चिकित्सालय में अब खून व पेशाब की जांच की सुविधा विद्युत कर्मचारियों एवं पेंशनरों को मिल सकेगी। बुधवार को मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव के हाथों चिकित्सालय स्थित पैथोलॉजी लैब में जांच मशीनों का शुभारंभ किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इन मशीनों की स्थापना के बाद मरीजों को खून व पेशाब की जांच की सुविधा का लाभ अपने ही चिकित्सालय परिसर में मिल सकेगा। यहां अब सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, लिपिड प्रोफाइल, इएसआर, यूरिन की जांच की सुविधा का लाभ विद्युतकर्मियों को मिलेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन, राजेश पांडे, केएनबी राव, सुधीर पंड्या, एससी पाठक एवं अधीक्षण अभियंता जीडी बर्वे समेत चिकित्साधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

### अभामा युवा मंच ने रंगधारा मंच की संयोजिका व टीम का किया सम्मान

**कोरबा।** घंटाघर स्थित ओपन थिएटर पुरातत्व संग्रहालय परिसर में लालित्य कला प्रदर्शनी का आयोजन रंगधारा मंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित कलाकारों और कला-प्रेमियों की उपस्थिति में रंग, रचनात्मकता और सृजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रख्यात समाजसेवी मनीष अग्रवाल उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि रंगधारा मंच का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इस मंच के माध्यम से क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, जिससे न केवल कलाकारों का उत्साह बढ़ता है बल्कि आमजन को भी उनके सृजन की झलक देखने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने रंगधारा मंच की संयोजिका एवं कुशल कलाकार श्रीमती मनीषा अग्रवाल और उनकी समर्पित टीम को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय चेयरमैन अरुण केडिया, रंगधारा मंच के सह संयोजक कमल मजूमदार, सचिव एवं वरिष्ठ पुरातत्वविद् हरिसिंह क्षत्रिय, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

---

ग्रामीणों के आक्रोश पर भारी पड़ा प्रबंधन का दबाव

# भारी विरोध के बीच हरदीबाजार में प्रशासन ने कराया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार में प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों के भारी विरोध के बावजूद शासकीय भवनों का नापी सर्वे कार्य पूरा कराया। सुबह से ही गांव का माहौल गरमाया हुआ था। हरदीबाजार के व्यापारियों ने जबरन नापी

**खास बात**

- शासकीय कर्मचारियों के बंद मकानों का बाहर किया गया नापी, ग्रामीणों ने जताया विरोध

के विरोध में सुबह से ही अपने संस्थान बंद रखे। इस दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। हॉस्पिटल रोड पूरी तरह छावनी में तब्दील हो गया था। एसईसीएल प्रबंधन व प्रशासन की टीम ने कुछ शासकीय कर्मचारियों के मकानों का बाहर से ही जबरदस्ती नापी करवाया, जिसका ग्रामीणों ने विरोध जताया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की सुबह से दोपहर तक हरदीबाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह लगभग 10 बजे एसईसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, जिसके बाद प्रबंधन व प्रशासन की टीम ने शासकीय भवनों अस्पताल, अस्पताल आवास, पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास, पटवारी कार्यालय की नापी ग्रामीणों के कड़े विरोध के बीच टीम ग्रामीणों के उग्र विरोध का शिकार न हो जाए, इसे देखते हुए



गांव में इस तरह सुरक्षा बल किया गया था तैनात।



पुलिस व आम जनता की लगी भीड़।

केवल बाहरी हिस्से को नापकर किया गया। इस दौरान एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा पूर्व प्राचार्य डॉ.डीटी वैष्णव, प्रो.अखिलेश पाण्डेय, जिनके घरों में ताला लटका हुआ था उनका भी जबरन नापी कराया गया। वहीं एसईसीएल कर्मचारी देवेन्द्र राठौर, गजाधर साहू व विनय राठौर के मकानों का भी बाहर से ही नापी किया गया। सुबह जैसे ही सर्वे दल हरदीबाजार पहुंचा, ग्रामीणों ने सर्वे बंद करो के नारों के साथ विरोध शुरु कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि बिना विश्वास में लिए और उचित जानकारी दिए प्रशासन ने जबरन सर्वे शुरु कर दिया। कई स्थानों पर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। और लोग दीपका खदान में भी प्रवेश कर गए, हालांकि प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया और पुलिस बल की निगरानी में शासकीय भवनों की नापी प्रक्रिया पूरी कराई। हालांकि सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, लेकिन ग्रामवासियों के मन में आक्रोश अब भी गहरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक पारदर्शी मुआवजा और पुनर्वास नीति घोषित नहीं होती, तब तक किसी भी सर्वे को वैध नहीं माना जाएगा। ग्रामीणों का कहना है अगर एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने जल्द ही ग्रामीणों के सवालों का जवाब नहीं दिया, तो यह मुद्दा आने वाले दिनों में और बड़ा रूप ले सकता है।

### सरकारी के साथ निजी परिसंपत्तियों का भी सर्वे



सूत्रों की मानें तो सर्वे के दौरान केवल शासकीय भवन ही नहीं, बल्कि करीब 10 निजी मकानों और परिसंपत्तियों की भी नापी की गई। कई भूस्वामी अपनी परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कराने के लिए तैयार है। इस बीच ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब पुनर्वास और मुआवजा तय नहीं हुआ, तो सर्वे की इतनी जल्दबाजी क्यों कई ग्रामीण प्रतिनिधियों ने इस कार्रवाई को एक तरफा निर्णय बताया। तनावपूर्ण माहौल के बीच शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय रहा, और अभी लगातार यह कार्य जारी रहेगा।

### दो बाहर हुई बैठक

वहीं दोपहर को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, ग्राम सरपंच, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह व ग्रामीणों के बीच चर्चा हुई। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने नापी बंद करने की बात कही। उनके जाते ही एसईसीएल प्रबंधन राजस्व अमले के साथ दोबारा नापी करने पहुंचे। जिसके बाद नापी का विरोध करते हुए ग्रामीण खदान में उतरकर विरोध प्रदर्शन करने लगे, जिसे खदान में लगभग 3 घंटे तक काम बंद रहा। शाम को विधायक प्रेमचंद पटेल, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, जीएम ऑपरेशन दीपका संजीव सिंह, सरपंच लोकेश्वर कंवर, नरेश टंडन, श्यामू जायसवाल, अजय दुबे, व्यास राठौर, रामशरण कंवर, सुरेन्द्र राठौर सहित अन्य ग्रामवासियों के बीच चर्चा हुई। जिसमें सभी 7 मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर राहित सिंह ने लिखित रूप से आश्वासन देने की बात कही। वहीं आगामी बैठक को दीवाली के बाद करने व नापी सर्वे तब तक न करने सहित पुलिस बल बुलाकर ग्रामीणों को दबाने का विरोध जताया गया। इस दौरान एसडीएल पाली, एसडीएम कटघोरा, तहसीलदार दरदीबाजार, दीपका, बरपाली उपस्थित रहे।

---

# दीपका खदान में बारूद गाड़ी का फटा टायर, कर्मी घायल




दुर्घटना में घायल युवक।

**खास बात**

- एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने जांच के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की दीपका परियोजना में एक खड़ी बारूद गाड़ी का टायर फटने से आईओसीएल कंपनी का एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद खदान में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल कर्मी को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। एसईसीएल प्रबंधन ने हादसे को लेकर जांच के आदेश दिए हैं।

एसईसीएल दीपका परियोजना के खदान क्षेत्र में ब्लास्टिंग के लिए खड़ी बारूद गाड़ी का टायर अचानक फट गया। इस दौरान आईओसीएल कंपनी का हेल्पर कान्हा 30 वर्षीय, निवासी कुसमुंडा गाड़ी के पास मौजूद था। तेज धमाके और उड़ते पत्थरों की चपेट में आने से कान्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद सहकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों ने घायल कान्हा को परियोजना के एंबुलेंस से एसईसीएल के विभागीय नेहरू शताब्दी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे कोरबा के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। एसईसीएल के जनसंपर्क अधिकारी सनीश चंद्र ने बताया कि कृष्णा के पैर में चोट आई है। बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब ब्लास्टिंग क्षेत्र में तैयारी चल रही थी। गाड़ी खाली थी और कृष्णा टायर के पास खड़ा था। आसपास अन्य गाड़ियां भी खड़ी थी, लेकिन अन्य कर्मचारी इस हादसे में बाल-बाल बच गए। घटना के बाद एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर विस्तृत जानकारी जुटा रहे हैं। इस हादसे की खबर फैलते ही खदान कर्मियों में आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त था।

---

# बिलासपुर संभाग बना ओवर ऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चल रही 25वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का ओवर ऑल चैंपियनशीप के खिताब पर बिलासपुर संभाग का कब्जा रहा। बालक बालिका वर्ग के सभी खेलों में बिलासपुर संभाग के खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

दूसरे स्थान पर सरगुजा संभाग तथा तीसरे स्थान पर रायपुर संभाग की टीम रही।

**खास बातें**

- सभी पांच खेलों में बिलासपुर संभाग रहा प्रथम
- द्वितीय स्थान पर सरगुजा संभाग की टीम रही

प्रतियोगिता का समापन सीएसईबी फुटबाल मैदान में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर महापौर संजूदेवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह तथा नगर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल ने बिलासपुर संभाग की टीम को ऑल ओवर चैंपियनशीप का खिताब से नवाजा। दूसरे स्थान पर सरगुजा और तीसरे स्थान पर रायपुर संभाग की टीम के आने पर उन्हें भी पुरुस्कृत किया गया। खिलाड़ियों को विधायक श्री पटेल ने संबोधित करते हुए बेहतर प्रदर्शन की बधाई दी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर स्वागत प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रस्तुत किया।



विजय प्रतिभागी।

### खिलाड़ियों में हुई जमकर मारपीट, एक का सिर फटा



राज्य स्तरीय के प्रतियोगिता के समापन के दिन जांजगीर और कोरबा के खिलाड़ियों के बीच कार्यक्रम की समाप्ति के बाद विद्युत गृह स्कूल में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें मेजबान कोरबा हॉकी टीम का एक खिलाड़ी गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है। जिसके सिर में टांके लगाए गए हैं। राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के उद्घाटन दिन से ही अव्यवस्था का आलम नजर आ रहा था। खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे थे। आवासीय व्यवस्था से लेकर भोजन व्यवस्था पर भी मेहमान टीम के खिलाड़ी और कोच के द्वारा शिकायतें की जा रही थी। विशेषकर सुबह आवास व्यवस्था स्थल पर पानी की समस्या को लेकर ज्यादा शिकायतें नजर आयी। अव्यवस्था के बीच चल रही प्रतियोगिता के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम के बाद जांजगीर और कोरबा के हॉकी खिलाड़ी के बीच किसी बात को लेकर मारपीट होने से कोरबा हॉकी टीम के खिलाड़ी आयुष मानिकपुरी का सिर फट गया। इस दौरान बीच बचाव कर रहे कुछ छात्रों को भी चोटें आयी है। घटना की जानकारी मिलते ही कोच मैनेजर और व्यायाम शिक्षक मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को देने के साथ ही घायल छात्रों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है जहां उसके सिर में टांके लगाए गए हैं। मौके पर पहुंची। रामपुर पुलिस की टीम ने कोच मैनेजर और मौजूद छात्र छात्राओं से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली है।

### परिणाम

**क्रिकेट बालक 17 वर्ष**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय सरगुजा, तृतीय रायपुर संभाग

**वॉलीबॉल बालक 19 वर्ष**
प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग और तृतीय बिलासपुर

**वॉलीबॉल बालिका 19 वर्ष**
प्रथम रायपुर, द्वितीय बस्तर और तृतीय दुर्ग

**तैराकी बालक 14 वर्ष**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर और तृतीय दुर्ग

**तैराकी बालिका 14 वर्ष**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर और तृतीय रायपुर

**तैराकी बालक 17 वर्ष**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय सरगुजा और तृतीय रायपुर

**तैराकी बालिका 17 वर्ष**
प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर और तृतीय रायपुर

**तैराकी बालक 19 वर्ष**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग और तृतीय सरगुजा

**हॉकी बालक 17 वर्ष**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायुपर, और तृतीय दुर्ग

**हॉकी बालिक 17 वर्ष**
प्रथम बस्तर, द्वितीय बिलासपुर, और तृतीय रायपुर

**वाटर पोलो बालक 19 वर्ष**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय सरगुजा, तृतीय दुर्ग

**वाटर पोलो बालिका 19 वर्ष**
प्रथम बस्तर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर

**तैराकी 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा

**तैराकी 14, 17 एवं 19 वर्ष बालिका**
प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय रायपुर

---

दस दुकानें बनकर हैं तैयार, दस और दुकान बनाने की योजना

# दुकानों की नीलामी के बाद कृषि उपज मंडी आएगी अस्तित्व में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरमोरा नकटीखार मार्ग में स्थित कृषि उपज मंडी दुकानों की नीलामी के बाद अस्तित्व में आएगी जिसकी तैयारी चल रही है। नीलामी के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। संभवतः नवंबर माह में दुकानों की नीलामी शुरु कर दी जाएगी।

खरमोरा नकटीखार मार्ग में कृषि उपज मंडी का निर्माण काफी समय पहले किया गया था। लगभग 8 एकड़ जमीन में तैयार कृषि उपज मंडी में दस दुकानें बनाई गई है। इसके अलावा दस और दुकानें बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार हुआ है जो पूर्व में बनी दुकानों के उपर ही बनाए जाएंगे लेकिन इसके लिए पहले से बनी दस दुकानों को नीलामी किए जाने के बाद निर्माण की कार्यवाही शुरु होगी। काफी बड़े क्षेत्र में बनी कृषि उपज मंडी में दुकानों के साथ कार्यालय और बड़े शेड भी बनाए गए हैं। जिसका उपयोग धान खरीदी केंद्र के रुप में की गई है। बालको से लगे ग्राम सोनपुरी सहकारी समिति के अंतर्गत सात गांव आते हैं। जिनकी धान की खरीदी सोनपुरी क्षेत्र में ही होती है। ग्रामीणों को धान बेचने दूर न आना पड़े इसके लिए कृषि उपज मंडी को ही खरीदी केंद्र के रुप में उपयोग किया था। पिछले कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी भी होती रही जिससे मंडी का उपयोग होता रहा।



### थोक सामानों के लिए बनी है मंडी

कृषि उपज मंडी के अस्तित्व में आने के बाद बाहर से आने वाले सब्जी वाहन भी कृषि उपज मंडी में ही पहुंचा करेंगे। वर्तमान में अभी अन्य राज्यों से सब्जी लेकर आने वाले भारी वाहन दर्री सीएसईबी चौक होते हुए सीधे बुधवारी बाजार पहुंचते हैं और वहीं सब्जियों की नीलामी होती है। इससे बुधवारी बाजार में प्रतिदिन भारी वाहनों का जमावाड़ा रहता है। कृषि उपज मंडी के अस्तित्व में आने के बाद बुधवारी सब्जी मंडी को ही वहीं स्थानांतरित किया जाएगा। ताकि भारी वाहन रुमगरा बालको रिंग होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंच सके। इसी तरह चांपा की ओर से आने वाले वाहन सीधे बरबसपुर होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचेंगे।

### अभी भी सड़क निर्माण अधूरा

दादर से नकटीखार तक जाने वाली सड़क अभी भी कृषि उपज मंडी तक अधूरी पड़ी हुई है। जहां तक नगर निगम क्षेत्र की सीमा निर्धारित है उक्त स्थल तक ही दादर से लेकर सड़क का निर्माण किया गया है। उसके आगे ग्राम पंचायत की सीमा शुरु होने के कारण सड़क का निर्माण ग्राम पंचायत की ओर से नहीं कराए जाने के कारण लगभग एक किमी तक की सड़क नहीं बन सकी है।

### जिला अस्पताल से केबल की चोरी, दो गिरफ्तार

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडब्ल्यूडी कालोनी निवासी आशु केंवट उम्र 26 वर्ष पिता बहोरन प्रसाद केंवट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जिला अस्पताल कोरबा में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। 14 अक्टूबर की शाम लगभग 5 बजे 2 व्यक्ति जिला अस्पताल कोरबा के लिफ्ट में लगे केबल वायर को चोरी कर ले जा रहे थे जिन्हें घेराबंदी कर अपने साथियो के साथ पकड़े हैं। नाम पता पूछने पर दोनों ने अपना नाम अशोक कुमार मधुकर और मुकेश दास बताया। जिन्हें केबल वायर एवं मोटर साईकल क्र. सीजी 12 बीएफ 6977 जिसमें सामान रख कर भाग रहे थे जिसे पकड कर थाना लाकर पेश किये है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने मनाया डॉ.एपीजे अब्दुल जयंती

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती एवं अखबार वितरक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने टीपी नगर स्थित कार्यालय में एकत्र होकर डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर खुशियां बांटी और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने साधारण परिवार से उठकर भारत के मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के रूप में देश को गौरवान्वित किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल ने कहा कि डॉ. कलाम ने अपने कर्म, सादगी और देशभक्ति से दिखाया कि मेहनत और लगन से कोई भी व्यक्ति नई ऊंचाइयों को छू सकता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय कुमार नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, रामा तपेश्वर राठौर, राय सिंह, अनिल गिरी, कृष्णा निर्मलकर, रामा और दिलीप यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा शहरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 3-3 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 8 अक्टूबर से मंगाया गया था। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं निर्धारित है। आवेदिकाओं को संबंधित वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र का नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदिकाएं निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सीधे अथवा साधारण, पंजीकृत डाक के माध्यम से परियोजना कार्यालय में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में जमा कर सकते है। आवेदन की शर्ते तथा प्रारूप परियोजना कार्यालय, नगर निगम के सूचना पटल एवं सभी संबंधित वार्डो के आंगनबाड़ी के सूचना पटल पर उपलब्ध है। वार्डवार कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों की जानकारी एवं नियुक्ति के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 तक

**कोरबा।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्र शासकीय पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र के सभी संकायों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अध्ययन केन्द्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। यह अवसर उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। अधिक जानकारी एवं प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन हेतु इच्छुक विद्यार्थी अध्ययन केन्द्र पीजी में संपर्क कर सकते हैं।

### मोरगा समिति का किया गया गठन

**कोरबा।** प्रभारी उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने समाचार पत्र में प्रकाशित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोरगा में भारी अनियमितता बरते जाने की खबर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मोरगा समिति की जांच जारी है। जांच हेतु पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कटघोरा मणिशंकर मिश्रा एवं पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा पोड़ी उपरोड़ा हरिनंदन उइके को सयुंक्त रूप से जांच अधिकारी नियुक्त कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

## बाजार में बढ़ती भीड़ को लेकर जिला पुलिस व यातायात पुलिस की लगाई गई ड्यूटी

# धनतेरस के लिए बाजार सजकर तैयार, 3 जोन में बांटा गया शहर को, लगातार होगी पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली पर्व की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। शहर का बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार हो चुका है और लोग अपने-अपने जरूरतों के हिसाब से खरीदी भी करने लगे हैं और तरह-तरह के ऑफर भी चल रहे हैं जिसके चलते ग्राहकों की अभी से भीड़ शुरू हो चुकी है। खासतौर पर धनतेरस और दिवाली पर लोगों की भारी भीड़ मार्केट में उमड़ेगी। ऐसे में बाजार में किसी तरह की समस्या आम लोगों को आवाजाही में ना हो इसके लिए जिला पुलिस ने विशेष तैयारी की है। खासतौर पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से संचालन होते रहे इसके लिए तीन अलग-अलग जोन में विभक्त कर पांच पेट्रोलिंग टीम गठित की गई है।

उल्लेखनीय है कि शहर के प्रमुख बाजार की बात करें तो कोसाबाड़ी से घंटाघर और सीएसईबी चौक से टीपी नगर और टीपी नगर चौक से लेकर पुराना पावर हाउस रोड शहर का मुख्य मार्केट है। जहां सराफा बाजार से लेकर ऑटोमोबाइल सहित कपड़ा बाजार सहित सभी तरह के बाजार का मुख्य बाजार है। यह बाजार दीपोत्सव के लिए पूरी तरह से सजकर तैयार हो चुका है। बड़े-बड़े दुकानदार अपने ग्राहकों के लिए विशेष साजो सामान की व्यवस्था की गई है। साथ ही ग्राहकों को मन लुभावन ऑफर भी दिया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक खरीदी हो सके। धनतेरस पर शहर में अरबो रुपए की बारिश होगी। ऑटोमोबाइल, सोना चांदी, कपड़ा, बर्तन सहित अन्य संसाधनों की जमकर खरीदी होगी। बाजार में सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे और मार्केट में किसी तरह की परेशानी किसी को आने-जाने में ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात डीएसपी डीके सिंह व मनोज राठौर सहित कुल 5 टीम गठित की गई है। शहर को 3 जोन में विभाजित किया गया है और 3 जोन के लिए अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं जो पूरे वक्त शहर में अपने-अपने जोन में लगातार पेट्रोलिंग करेंगे और लाउड स्पीकर के माध्यम से अलाउंस कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखेंगे।



शहर में पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस के अधिकारी।

### त्योहारी सीजन को लेकर कोरबा पुलिस को अपील

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा दीपावली के पावन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए नागरिकों से सावधानियों का पालन करने आग्रह किया है। उन्होंने आग्रह किया है कि खरीदारी के समय सावधानी बरतें, भीड़भाड़ वाले बाजारों में अपने कीमती आभूषण, पर्स, मोबाइल आदि का विशेष ध्यान रखें। खरीदारी के बाद अपने बैग, थैले या वाहन के डिब्बे (डिग्गी) में मूल्यवान वस्तुएँ खुले रूप में न रखें। वाहन को सुरक्षित स्थान पर ही पार्क करें और लॉक अवश्य करें। बैंक एवं एटीएम लेनदेन के समय सतर्क रहें। बैंक या एटीएम से पैसे निकालते समय आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें। किसी अजनबी की अनावश्यक सहायता स्वीकार न करें। निकाली गई राशि को सुरक्षित रखें और उसे खुले में प्रदर्शित न करें। दुकानदारों एवं व्यापारियों के लिए अपील। अपनी दुकान प्रतिष्ठान में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाएँ और उनकी कार्यप्रणाली की नियमित जाँच करें। भारी नकदी साथ लेकर अकेले न निकलें। बैंक में जमा या निकासी करते समय विशेष सावधानी बरतें। बैंक से पैसा निकालने के बाद सीधे घर जाएँ; रास्ते में किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर रुकें नहीं। शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण पर्व आयोजन। दीपावली का पर्व शालीनता, संयम एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाएँ। किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, असामाजिक या सांप्रदायिक उकसावे वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना या कंट्रोल रूम को दें। पटाखों का सुरक्षित उपयोग एवं बच्चों की सुरक्षा। पटाखे केवल अनुमोदित निर्माता के ही प्रयोग करें और उनके निर्देशों का पालन करें। छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें तथा उनकी निगरानी अवश्य करें। पास में पानी, बाल्टी या प्राथमिक चिकित्सा सामग्री रखें। अपने घर एवं मोहल्ले की सुरक्षा पर ध्यान दें। घर से बाहर जाते समय दरवाजे-खिड़कियाँ सुरक्षित रूप से बंद करें तथा अपने विश्वसनीय व्यक्ति को घर की देखरेख हेतु सूचित करें। घर एवं दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाएँ और उन्हें चालू अवस्था में रखें। नागरिकों से अपील है कि अपने मोहल्ले में आपसी समन्वय बनाते हुए सामूहिक रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाएँ, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर निगरानी रखी जा सके।

### त्योहारों पर जाम से राहत के लिए पीएच रोड में चला अभियान



पर्व और त्योहारों से सीजन में शहर में भीड़ और जाम लगने का सिलसिला हर साल देखने को मिलता है। खासकर दीपावली के वक्त शारदा विहार, सुनालिया चौक और पावर हाउस रोड में खरीदारी के लिए पहुंचने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था बाधित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए बुधवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते एवं यातायात पुलिस की टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाने के साथ व्यवसायी बंधुओं और आम लोगों से भी यातायात व्यवस्था बहाल रखने में मदद की गुजारिश की गई। बुधवार को यातायात पुलिस की टीम के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते से इम्तियाज अली की टीम ने मुख्य मार्ग पर पैदल चलकर अभियान चलाया। इस दौरान संयुक्त टीम ने शारदा विहार फाटक से लेकर सुनालिया पुल और पावर हाउस रोड में लगे ठेले हटा लेने का आग्रह किया। साथ ही व्यवसायियों एवं आम लोगों को समझाइश देते हुए उन्हें त्योहार के समय यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

### सुनालिया पावर हाउस रोड में सबसे ज्यादा रहती है भीड़

शहर के सबसे पुराना मार्केट सुनालिया चौक से लेकर पावर हाउस रोड जो शहर का सबसे पुराना मार्केट है इस मार्केट में ही सबसे ज्यादा ग्राहकों की भीड़ उमड़ती है क्योंकि ज्यादातर सराफा बाजार, ऑटोमोबाइल्स, मोबाइल दुकान सहित सभी तरह की दुकान पुराना पावर हाउस रोड पर है और पार्किंग ना होना ही यहां के लिए सबसे बड़ी समस्या है। हालांकि यातायात पुलिस ने सुचारू रूप से आवागमन हो सके इसके लिए नहर के समीन पार्किंग जोन घोषित किया है। लोगों से यातायात पुलिस ने अपील की है कि पावर हाउस रोड में खरीदी करने वाले ज्यादातर लोग नहर किनारे पार्किंग स्थल का इस्तेमाल करें और वहीं से ही आना जाना कर सके।

## एनटीपीसी संयंत्र में बीएमएस ने लहराया परचम



**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा एवं रामगुंडम में श्रमिक संगठन मान्यता को लेकर हुए चुनाव में बीएमएस ने इंटक को भारी मतों से शिकश्त दी है। इंटक को हराकर बीएमएस से संबद्ध राष्ट्रीय ताप विद्युत मजदूर संघ ने जीत दर्ज की है। जिसके बाद बीएमएस एनटीपीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र राठौर ने बीएमएस के पदाधिकारियों को बधाई दी है। इस अवसर पर कौशल देवांगन, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष तुलसी ठाकुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी नवदीप नंदा, पूर्व पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि सेजस एनटीपीसी संजय कुर्मवंशी, पार्षद अजय चंद्रा, मंडल उपाध्यक्ष होमलाल भारिया सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने विभिन्न ग्रामों का किया भ्रमण



**कोरबा।** श्रीमती मोनिका सिंह राज्य सलाहकार एवं संभाग प्रभारी के द्वारा जिले में जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत ढपढप, शुक्लाखार, पौंसरा, चाकाबुडा तथा सिंघाली का भ्रमण किया गया। श्रीमती सिंह द्वारा सभी स्वच्छाग्राही से गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन के गीले और सूखे कचरे के पृथक्कीकरण के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। ग्रामीणों द्वारा घर से देने वाले कचरे को अलग अलग करने हेतु आग्रह एवं सभी लोगो को प्रेरित किया गया। यूज़र चार्जेस एवं प्रोत्साहन राशि के विषय में चर्चा कर स्वच्छग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। गांव में निर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर उनके निरंतर उपयोग व रखरखाव के बारे में बताया गया। इसमें जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक, स्वच्छाग्राही के अध्यक्ष, सचिव, समूह की दीदियां, व गांव के सरपंच, सचिव, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




## हादसे में आरक्षक की हुई थी मौत, परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज से मिला 1 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में कार्यरत समस्त पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना का लाभ प्रदान किया गया है। उक्त योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना बीमा योजना के तहत पुलिस विभाग के सन 2023 बैच के आरक्षक भूपेन्द्र सिंह कंवर जो थाना दीपका में पदस्थ थे के दिवंगत होने पर उनके परिजनों को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है। आरक्षक भूपेन्द्र सिंह कंवर जो थाना दीपका में पदस्थ थे रात्रि ड्यूटी के लिए अपने निवास स्थान कटघोरा से दीपका थाना जा रहे थे। इस दौरान जवाली के पास तेलर मोड़ के समीप उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना के पश्चात पुलिस विभाग द्वारा दिवंगत आरक्षक के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत सड़क दुर्घटना बीमा योजना से प्राप्त 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक दिवंगत आरक्षक के परिजनों को सौंपा गया।



## जिले के दो अलग-अलग स्थानों में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना चौकी में चोरों ने स्वर्णाभूषण, मोबाइल सहित नगदी रकम की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।

मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मेनरोड मोरगा निवासी सचिंत कुजूर उम्र 36 वर्ष पिता स्व. बेनेदिक कुजूर ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। 13 अक्टूबर की शाम 7:30 बजे अपने घूमने के लिये जूनापारा मोरगा निवासी संजय कुजूर के घर गया था। रात्रि लगभग 9 बजे जब संचित घर वापस आया तो घर के दरवाजा में लगे ताला को खोलकर धक्का दिया तो नहीं खुला फिर सचिंत घर के पीछे से दीवार को फांदकर अन्दर गया तो देखा कि आलमारी खुला था और अलमारी में 10 ग्राम सोने की अंगूठी, नगदी 18 हजार रुपए, 2 नग कांस की थाली, 1 नग कांस का लोटा तथा 1 नग जैकेट सहित अन्य सामान को कोई अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गया है। सचिंत की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना कुसमुण्डा थाना क्षेत्र में घटित हुई है। यहां नेहरू नगर कुसमुण्डा निवासी शुभम थवाईत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गेवरा बस्ती चौक सरस्वती शिशु मंदिर के पास ठाकुर चाल में मोबाईल दुकान का संचालन करता है। 13 अक्टूबर की रात्रि लगभग 9 बजे अपने दुकान को तालाबंद करके घर चला गया था और शुभम 14 अक्टूबर की सुबह 11 बजे अपना दुकान खोला तो देखा कि उसके दुकान का छत सीट टीने का टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो उसके दुकान में रखे 6-7 नग मोबाईल व एसेसीरिज तथा नगदी 15 सौ रुपए सहित कुल 36 हजार रुपए कीमती सामानों की चोरी कर ली है। पुलिस ने मामले में शुभम की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## ग्राम पंचायत लालपुर में 15वें वित्त की राशि का फर्जी आहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग को कुछ दिन पूर्व ग्राम पंचायत रलिया जनपद पंचायत कटघोरा के उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर सचिव के खिलाफ जांच की मांग करते हुए कहा गया है कि सचिव ने ग्रामसभा के अनुमोदन के बिना 15वें वित्त की राशि एवं मूलभूत की राशि में भारी अनियमितता बरती है और इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो लाखों का गबन साबित हो सकता है।

जिला पंचायत सीईओ ने शिकायत को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्यवाही करते हुए आज जांच टीम का गठन कर दिया। जांच टीम में एके जोगी कार्यपालन अभियंता-ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, सुबीर भाचार्य लेखाधिकारी-जिला पंचायत, श्रीमती अमिता साहू सहायक परियोजना अधिकारी-जिला पंचायत एवं सिद्धार्थ असाटी जिला समन्वयक-जिला पंचायत को शामिल किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने जांच टीम निर्देशित किया है कि जांच 7 दिन के अंदर पूरी करें और प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जल संसाधन द्वारा बनाई गई सीसी रोड की फोटो खिंच कर फर्जी जियोटेक कर 2.14 लाख का फर्जी आहरण। सरपंच श्रीमती संतोषी नेटी (पूर्व सरपंच) एवं सचिव मोहम्मद हसन अली से मिलकर अपने पति एवं बालाजी इलेक्ट्रानिक्स के नाम पर पैसा आहरण किया। लालपुर बस्ती में मंच निर्माण के नाम पर 2.48 लाख ताकीर अली एवं अली अहमद के नाम पर आहरण किया गया एवं पंचायत भवन के पास मंच निर्माण के नाम पर 2.02 लाख आहरण किया गया। दोनों कार्य मौके पर नहीं है। सोसायटी पहुंच मार्ग का निर्माण भी जल संसाधन विभाग द्वारा बनाया गया है, का फजी जियोटेक बनाकर 2 लाख रूपए राज ट्रेडर्स के खाते में डाला गया। पूर्व सरपंच श्रीमती संतोषी नेटी के पति धनेश्वर सिंह ओरकेरा (वर्तमान सरपंच) एवं सचिव मोहम्मद हसन अली द्वारा यह फर्जी आहरण कर 8.64 लाख का गबन किया गया। सरपंच-सचिव का एक और बड़ा कारनामा सामने आया है। सरपंच सचिव ने शासकीय कर्मचारी को प्रधानमंत्री आवास आबंटित कर दिया और घर भी तैयार हो गया। कर्मचारी का नाम गौतम सारथी पिता अर्जुन सारथी है। सरपंच-सचिव ने गौतम सारथी की पत्नी पुष्पा सारथी के नाम पर मनरेगा जाब कार्ड नंबर सीएच -08-005-068-001/276 बना कर उनके खाते में 18 हजार 792 रूपए का भुगतान भी कर दिया। इसमें भी जिला पंचायत सीईओ ने जांच के निर्देश दिए हैं।




## सरकार की योजनाओं से घर तक पहुँच रही पानी की धार

# घर पर मिलने लगा नल का कनेक्शन, दूर हुआ नाला जाने का टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा ब्लॉक के ग्राम कोरई में रहने वाली पहाड़ी कोरवा को पानी के लिए जद्दोजहद करते हुए घर से बाहर जंगल की ओर रूख करना पड़ता था और वहां से पानी लाकर घर का जरूरी काम निपटाते थे लेकिन शासन की नल जल योजना से पहाड़ी कोरवा के दिन बहुरने लगे हैं और उन्हें पानी के लिए दूर जंगल नहीं जाना पड़ता बल्कि घर में ही उन्हें शुद्ध और साफ पानी मुहैय्या होने लगी है।

राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में जिले में 8232 हेण्डपम्प स्थापित थे। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पेयजल आपूर्ति की दिशा में उठाये गये कदम के फलस्वरूप वर्ष 2025 में 14693 हैण्डंपप की संख्या बढ़कर 14693 हो गई। कुल 6461 हैण्डपंप की वृद्धि हुई। इससे कोरबा जिले के अंतर्गत कोरबा, करतला, पाली, कटघोरा एवं पोड़ीउपरोड़ा के 703 ग्रामों के लोगों को पेयजल का लाभ मिल रहा है। जिले में वर्ष 2000 में 36 नलजल योजना संचालित थी। अब यह 2025 में 102 हो गई है। कुल 66 नलजल योजना की वृद्धि हुई है। 102 ग्रामों के ग्रामीणों को 13546 नग घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कर पाइप लाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह जिले में 273 सोलर ड्यूल पंप स्थापित किया गया है। जिन ग्रामों मे विद्युत व्यवस्था नहीं है, उन ग्रामों में सोलर ड्यूल पंप स्थापित कर उक्त ग्रामों के आम नागरिको को सोलर ड्यूल पंप के माध्यम से पेयजल का लाभ मिल रहा है एवं 1094 योजनाओं में से 357 योजनाओं को पूर्ण कर 83213 नल कनेक्शन के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल का लाभ दिलाया जा रहा है। कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम अमलीपारा में निवास करने वाले लोहार दम्पति भारत लोहार और सुनीता लोहार को भी भलीभांति मालूम है कि उन्हें गर्मी के दिनों में किस तरह पानी के एक-एक बूंद के लिए जूझना पड़ता था। गर्मी के दिनों में सूरज की ताप ही नहीं लोहे को गर्म कर उसे धार देने दिन भर आग की लौ के आगे भी पसीना बहाना पड़ता था। भारत और सुनीता को जितनी ज्यादा आग की लौ तकलीफ नहीं देती थी उससे कही ज्यादा गर्मी के मौसम साथ उत्पन्न हुई पेजयल की समस्या तकलीफ दिया करती थी। अब इस गाँव में पानी की कोई समस्या नहीं है। इस गर्मी में भी उन्हें जलसंकट का कोई सामना नहीं करना पड़ा। घर के आँगन में नल कनेक्शन है और सुबह हो या शाम, पानी की धार नियमित घर के आँगन में पहुँचती है। पानी की धार घर के करीब मिल जाने और पानी को लेकर बनती आ रही वर्षों पुरानी समस्या छूमंतर हो जाने से सिर्फ लोहार दम्पति ही नहीं, गाँव के अन्य लोगों की भी समस्या खत्म हो गई है।



फाइल फोटो

